e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, गुरुवार, 21 सितंबर 2017, आश्विन मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, संवत् 2074 विक्रमी
वर्ष-10, अंक-335, पृष्ठ-16, मूल्य- ₹ 4.00, आमंत्रण मूल्य- ₹ 3.00, नगर संस्करण
website : www.dnahindi.com
शब्द शब्द संघर्ष
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट
RNI NO.: UPHIN/2007/41982
डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18
संस्करण : लखनऊ ■ इलाहाबाद



14 बीसीसीआई ने पद्म भूषण के लिए धोनी का नाम भेजा

8 लेह तक फैला लव जेहाद | 9 सुरक्षा के लिए रोहिंग्याओं का रहना ठीक नहीं! | 16 भूकंप से दहला मैक्सिको, 248 की मौत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट



# एसएमएस के 198 अध्यापकों व छात्रों ने किया रक्तदान

**लखनऊ।** समाज सेवा में तत्पर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में ल्वायन्स क्लब लखनऊ व संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। शिविर में 198 यूनिट ब्लड डोनेशन किया गया।

- **रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने लिया भाग**

शिविर में एसएमएस के अध्यापकगण व विद्यार्थीगण बड़ी संख्या में रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन कराए, लेकिन लगभग 198 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। समयाभाव 50 से अधिक इच्छुक विद्यार्थी व अध्यापक रक्तदान नहीं हो सका । मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह, डॉ. भरत राज सिंह महानिदेशक (तकनीकी) ने विद्यार्थियों व अध्यापकों के उत्साह को देखते हुए अगले वर्ष पुन: रक्तदान शिविर लगवाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं रक्तदान एक महादान है, जिससे कितने मरीजों की जान बचाई जा सकती है।